


अंक : 483, वर्ष 38

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 अक्टूबर, 2014

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

गृह मंत्रालय, (भारत सरकार) एवं कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मुख्यालय, दरभंगा हाउस परिसर में विगत 31 अक्टूबर 2014 को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सम्मान में ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' पर आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल कर्मियों को हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाये रखने तथा राष्ट्रीय एकता के इस संदेश को देशवासियों के बीच पहुंचाने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद सभी कर्मियों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया।

श्री सिंह ने मौके पर उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास रचने के लिए इतिहास को याद करना चाहिए। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दिखाये गये रास्ते का अनुसरण कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता तथा सुरक्षा के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया था।

ज्ञातव्य हो कि 31 अक्टूबर को स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री, स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को पूरे देश में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है और इसी कड़ी में मुख्यालय एवं क्षेत्रों में आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

मौके पर श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी, श्री पी के गुइन, मुख्य महाप्रबंधक (संचालन/समन्वय), श्री सुमित घोष, मुख्य महाप्रबंधक(सुरक्षा एंव बचाव), महाप्रबंधक(प्रशासन), महाप्रबंधक(कल्याण), सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सीसीएल कर्मियों को शपथ दिलाते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

## सीसीएल के नये मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद



श्री अरबिन्द प्रसाद

भारतीय दूरभाष सेवा (आई. टी. एस.) 1994 बैच के अधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने विगत 25 सितम्बर, 2014 को सीसीएल में मुख्य सतर्कता पदाधिकारी (सी वी ओ) के रूप में योगदान दिया। श्री प्रसाद ने एन.आई.टी.पटना से बी.ई.की डिग्री हासिल की तथा आई. आई. टी. रूड़की से इलोक्ट्रोनिक्स एवं कम्युनिकेशन्स में एम. ई. की डिग्री हासिल की है। श्री प्रसाद इससे पहले मुंगेर, बोकारो, सोनीपत, डालटनगंज एवं रांची के दूरसंचार विभाग एवं बी एस एन एल कार्यालयों में विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने लैंड–लाइन एवं मोबाइल नेटवर्क की योजना एवं विकास, सामग्री प्रबंधन, ट्रान्समिशन योजना एवं ब्रोडबैन्ड नेटवर्क के कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 7 फरवरी 2010 से 24 सितम्बर 2014 तक एडीजी, यूनिक आइडेन्टिफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रियाडा, रांची में अपनी प्रतिनियुक्ति के समय झारखंड राज्यवासियों को आधार नम्बर दिलाने एंव विभिन्न सेवाओं को आधार संख्या से जोड़ने के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है।

अपने कार्य के दौरान उन्होंने एशियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, मनीला, फिलीपीन्स से मैनेजमेंट डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा यू ए ई में आयोजित वर्ल्ड आई. डी. कांग्रेस में भी भाग लिया है।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने विगत 24 अक्टूबर को वर्द्धमान कम्पाउन्ड, रांची स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में जरूरतमंद 125 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल का उद्देश्य है अपने कायाकल्प योजनाओं, जो नैतिकता, लोकोपकारिता एवं पारदर्शिता पर आधारित है, के द्वारा ग्रामीणों, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वागीण विकास करना और इसी के तहत कम्बल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह के साथ महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी एन प्रसाद, सीसीएल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित हरिमती दुर्गापूजा समिति के सचिव श्री प्रदीप घोष दस्तीदार एवं पूजा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते सीएमडी

> **इससे पहले कि सपने सच हों,**
> **आपको सपने देखने होंगे।**
> – डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

## कोयला सचिव ने सीसीएल के कार्य–निष्पादन की समीक्षा की

कोयला सचिव श्री एस के श्रीवास्तव, कोयला मंत्रालय (भारत सरकार) ने विगत 9 अक्टूबर को मुख्यालय के 'कोयला कक्ष' में आयोजित समीक्षा बैठक में सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा की। बैठक के पहले कोयला सचिव श्री श्रीवास्तव ने मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करनेवाले कोयला कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

बैठक में सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, निदेशक(वित्त) श्री डी के घोष, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, सभी क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

श्री श्रीवास्तव ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीसीएल के कोयला उत्पादन, प्रेषण लक्ष्य, कोयला स्टॉक, भूमि की उपलब्धता, वाशरियों के कार्य निष्पादन, मशीनों की उपयोगिता, ओवर बर्डेन निकासी, निगमित सामाजिक उत्तरादायित्व के कार्य (सीएसआर) तथा अन्य बिंदुओं और इसकी प्राप्ति के लिए बनाई गयी कार्य–योजना की समीक्षा की ओर वर्तमान वित्तीय वर्ष (2014–15) के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग का कार्य काफी चुनौती भरा है। ऊर्जा के हर क्षेत्र में कोयले की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में कोयला उद्योग का योगदान सराहनीय है।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते श्री एस के श्रीवास्तव कोयला सचिव (भारत सरकार)

उन्होंने आशा जतायी कि इस वित्तीय वर्ष के बचे हुए छः महीनों में सीसीएल अपने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण का लक्ष्य प्राप्त करेगा।

समीक्षा बैठक में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से सीसीएल के कार्यक्षेत्र में कोयला उत्पादन, प्रेषण, धुलाई, ओवर बर्डेन निकासी, प्रथम छमाही के निष्पादन की स्थिति, वनभूमि क्लीयरेंस, **नैतिकता–लोकोपकारिता–** तथा **पारदर्शिता** पर आधारित **कायाकल्प योजनान्तर्गत** चलाये जा रहे कार्यक्रमों सहित अन्य कार्य–कलापों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के 55.00 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य तथा 58.5 मिलियन टन प्रेषण का लक्ष्य को अवश्य हासिल करेंगे। श्री सिंह ने कोयला सचिव को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सीसीएल में पिछले एक वर्ष में चार नई परियोजनाएं–पुरनाडीह–क्वेरी नम्बर – I, नार्थ उरीमारी क्वेरी नं. – II, कोनार तथा आम्रपाली की शुरूआत हुई है जो एक उपलब्धि है।

बैठक के पूर्व **'सीसीएल के लाल'** के बच्चों ने कोयला सचिव को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)